Govt. Registered Social Justice Union

# दैनिक न्याय साक्षी

अधिकार से न्याय तक


**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, शनिवार 13 अगस्त 2022 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-04, अंक- 315

## महत्वपूर्ण एवं खास

### ऑनलाइन डेटाबेस पर सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र से जवाब मांगा

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** सुप्रीम कोर्ट ने बैंक खातों, बीमा, डाकघर कोष आदि के बारे में सूचना उपलब्ध कराने वाला एक केंद्रीकृत डेटाबेस बनाने के लिए निर्देश जारी करने का अनुरोध करने वाली एक याचिका पर शुक्रवार को केंद्र और अन्य से जवाब मांगा। जस्टिस एसए नजीर और जस्टिस जेके माहेश्वरी की पीठ ने पत्रकार सुचेता दलाल द्वारा दायर एक याचिका पर वित्त मंत्रालय, भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई), भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) तथा अन्य को नोटिस जारी किए।सुचेता की ओर से शीर्ष न्यायालय में वरिष्ठ अधिवक्ता प्रशांत भूषण पेश हुए। याचिका के जरिए कानूनी उत्तराधिकारी की हैसियत से बैंक जमा, बीमा, डाकघर कोष आदि के संबंध में किए जाने वाले दावों से निपटने के लिए एक प्रक्रिया बनाने का निर्देश देने का भी अनुरोध किया गया है, ताकि इससे अनावश्यक मुकदमेबाजी को समाप्त किया जा सके। याचिका में कहा गया है कि आरबीआई के नियंत्रण में एक केंद्रीकृत ऑनलाइन डेटाबेस तैयार करने की तत्काल आवश्यकता है। यह मृतक खाताधारक के बारे में सूचना उपलब्ध कराएगा, जिसमें नाम, पता और मृतक खाता धारक द्वारा किया गया अंतिम लेनदेन का विवरण शामिल होगा।

### सड़क के बीच युवक पर ताबड़तोड़ चाकुओं से हमला- मौत

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** दिल्ली से दिल दहला देने वाला मामला सामने आया है। यहां, सरेआम एक 25 साल के युवक की बेरहमी से चाकू मारकर हत्या कर दी गई। युवक को इलाज के लिए दिल्ली एम्स ले जाया गया था, जहाँ डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर कर दिया। वहीँ, मर्डर का पूरा वीडियो सीसीटीवी में रिकॉर्ड हो गया। वीडियो में युवक को 4 से 5 लोग चाकू मारते नजर आ रहे हैं वहीँ, भीड़ तमाशबीन बनी हुई है। ये पूरा मामला साउथ दिल्ली के मालवीय नगर इलाके का है। मृतक मयंक होटल मैनेजमेंट की पढ़ाई कर चुका था। बताया जा रहा है कि मयंक मालवीय नगर इलाके में अपने दोस्त के साथ बैठा हुआ था। तभी 4-5 अज्ञात लोगों से मयंक की किसी बात को लेकर बहस हुई और लडक़ों ने मयंक और उसके दोस्त पर पत्थरों से हमला किया। मयंक और उसका दोस्त वहां से जान बचाकर भाग गए। मयंक ने सोच लिया था कि वो बच गया है और अब वो बाजार के दूसरे हिस्से में पहुंच चुका था, लेकिन आरोपी अभी भी उनके पीछे थे। आरोपियों ने उनका पीछा करना नहीं छोड़ा और मालवीय नगर बाजार वाले इलाके के फिर से मयंक को घेर लिया और उसकी बेहरमी से हत्या कर दी। वहीँ, पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर केस की जांच शुरू कर दी है, लेकिन आरोपी अब भी फरार है।

### दो बाइको की भिड़ंत में 3 की मौत, दो की हालात गंभीर..

**मिर्जापुर (आरएनएस)।** रक्षाबंधन के दिन मिर्जापुर-रीवा नेशनल हाईवे पर हुए एक दर्दनाक हादसे में दो मोटरसाइकिल की भिड़ंत में 3 लोगों की मौत हो गई है जबकि 2 लोगों की हालत गंभीर बनी हुई है। जिनका समुचित उपचार अस्पताल में चल रहा है। बताया जा रहा है कि रक्षाबंधन पर राखी बंधवा कर बाइक सवार लौट रहे थे। लालगंज थाना अंतर्गत बरौधा के पास हादसा होना बताया जा रहा है। शुक्रवार को समय करीब 12 बजे थाना लालगंज क्षेत्रांतर्गत बरौंधा के पास दो मोटर साइकिलों के बीच आपस में टक्कर हो जाने से मोटरसाइकिल सवार शिवकरन पटेल पुत्र गिरजा प्रसाद पटेल निवासी ग्राम तमरा थाना गुड़ जनपद रीवा (म.प्र) 21 वर्ष तथा मोपेड सवार रतन कोरी पुत्र त्रिवेणी प्रसाद निवासी निबहिया थाना मेजा जनपद प्रयागराज 19 वर्ष, रवि कोरी पुत्र विवेक कोरी 10 वर्ष, ममता देवी पत्नी विवेक कोरी निवासीगण दिघुली शिवराजपुर थाना लालगंज, जनपद मीरजापुर 30 वर्ष व दिव्या 3 वर्ष गम्भीर रूप से घायल हो गये। सूचना पर थाना लालगंज पुलिस द्वारा मौके पर पहुंचकर उपरोक्त घायलों को इलाज हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लालगंज भिजवाया गया, जहां चिकित्सकों द्वारा शिवकरन पटेल, रवि कोरी, रतन कोरी उपरोक्त को मृत घोषित कर दिया गया तथा ममता देवी व उनकी पुत्री दिव्या का ईलाज जारी है। थाना लालगंज पुलिस द्वारा मृतकों के शव को कब्जे में लेकर नियमानुसार अग्रिम कार्यवाही की जा रही है।

# स्पाइसजेट की फ्लाइट में पानी टपकने से यात्रियों में दहशत- विमान की हुई हार्ड लैंडिंग

**जबलपुर (आरएनएस)।** देश की दिग्गज एयरलाइन कंपनी स्पाइसजेट द्वारा यात्रियों की सुरक्षा के साथ खिलवाड़ करने की खबरें आए दिन आती रहती हैं। हाल ही में एक वीडियो वायरल हुआ था जिसमें एक शख्स स्पाइसजेट की फ्लाइट में सिगरेट पीता दिखा था। इसके बाद कंपनी की उस विवाद पर सफाई आई तो अब मुंबई से जबलपुर जा रही फ्लाइट में पानी के लीकेज होने की खबर आ गई है। इसके चलते यात्रियों में दहशत फैल गई और विमान की हार्ड लैंडिंग कराई गई।

दरअसल, मुंबई से जबलपुर आ रहे स्पाइसजेट के प्लेन की छत से पानी टपकने का वीडियो सामने आया है। इस प्लेन में सवार पैसेंजर ने इसका वीडियो जारी किया है। यात्री ने बताया कि उन्होंने एयर होस्टेस और कैप्टन से इसकी शिकायत की तो उन्होंने कहा- आप दूसरी सीट पर जाकर बैठ जाएं। एयर होस्टेस का कहना था कि इसके लिए हम ही जिम्मेदार हैं, आप शांत बैठे रहें।

वहीं इस मामले में जबलपुर के रहने वाले कमल ग्रोवर ने बताया कि बुधवार को वे स्पाइसजेट की फ्लाइट एसजी-3003 से मुंबई से जबलपुर आए है। इस फ्लाइट को मुंबई से शाम 4.55 बजे उड़ान भरनी थी और जबलपुर शाम 6।55 तक आती है। उन्होंने बताया कि मुंबई में वे जैसे ही फ्लाइट के अंदर गए तो सीट पानी से भीगी हुई थी मजबूरी में बैठना पड़ा। 1 घंटे की देरी से फ्लाइट ने मुंबई से जबलपुर के लिए उड़ान भरी तो फ्लाइट में पानी टपक रहा था।

कमल ग्रोवर ने मुंबई से जबलपुर तक के सफर को अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर शेयर करते हुए बताया कि पूरा सफर जहाज के अंदर बरसात के आनंद में गुजरा है। जैसे ही फ्लाइट



जबलपुर के डुमना एयरपोर्ट पर उतरी, तो इतनी गंदी लैंडिंग की गई जैसे कि रनवे पर यात्रियों से भरे विमान को पटक दिया गया हो। आपको बता दें कि विमान की जबलपुर में हार्ड लैंडिंग की गई थी।

यात्री कमल ने स्पाइसजेट की इस लापरवाही को लेकर केंद्रीय उड्डयन मंत्रालय को शिकायत करने की बात कही है। उन्होंने बताया कि यह यात्रियों की जान के साथ खिलवाड़ है। इसलिए इस मामले पर केंद्रीय उड्डयन मंत्रालय को स्पाइसजेट एयरलाइन के खिलाफ सख्त से सख्त कदम उठाना चाहिए।

यात्री ने बताया कि इस मामले में उन्होंने एयरपोर्ट डायरेक्टर कुसुम दास और स्पाइसजेट के मैनेजर से भी बात करनी चाही लेकिन उन्होंने कॉल रिसीव नहीं की। सीधे तौर पर यह यात्रियों की सुरक्षा के साथ बड़ा खिलवाड़ है। वहीं इस मामले में अभी तक कंपनी की तरफ से कोई स्पष्ट बयान नहीं आया है।

### मालदीव जा रहे प्लेन की कोयंबटूर में हुई इमरजेंसी लैंडिंग, 92 यात्रियों से भरे विमान का खराब हुआ इंजन

**कोयंबटूर (आरएनएस)।** मालदीव जा रही फ्लाइट की इमरजेंसी लैंडिंग करवानी पड़ी। बताया जा रहा है कि बेंगलुरु से मालदीव माले जा रहे गो फर्स्ट के एक विमान के इंजन में अचानक तकनीकी खराबी आ गई। इंजन के ओवरहीट का अलार्म बजने पर विमान की आनन-फानन में कोयंबटूर हवाई अड्डे पर इमरजेंसी लैंडिंग करानी पड़ी। इस विमान में 92 यात्री सवार थे। ऐसा दवा किया जा रहा है कि पायलट को तमिलनाडु शहर के ऊपर उड़ान भरते समय स्मोक की चेतावनी का पता चला था। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक दो इंजनों के कथित तौर पर गर्म होने के बाद अलार्म बंद हो गया। इसमें कहा गया है कि इंजीनियरों ने इंजन की जांच की और घोषणा की कि अलार्म में कुछ खराबी है और ऐलान किया कि विमान उड़ान भरने के लिए फिट है। गो फर्स्ट के प्रवक्ता ने बताया कि आज दोपहर करीब 12 बजे विमान एयरबस 320 ने टेकऑफ किया। एक घंटे बाद इंजन के अत्यधिक गर्म होने की चेतावनी की घंटी बजने लगी। पायलट ने तुरंत एयर ट्रैफिक कंट्रोल से संपर्क कर पास के कोयंबटूर एयरपोर्ट पर उतरने की अनुमति मांगी। इसके बाद विमान की इमरजेंसी लैंडिंग करवाई गई। विमान के उतरने से पहले ही दमकलकर्मी और बचावकर्मी रनवे के पास तैनात हो गए थे।

## महाराष्ट्र में 2 कंपनियों पर आयकर विभाग का छापा, 56 करोड़ रुपए नकद और 14 करोड़ के आभूषण जब्त

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** आयकर विभाग ने कहा है कि उसने महाराष्ट्र में स्टील टीएमटी बार के निर्माण में लगी दो प्रमुख व्यापारिक कंपनियों पर तलाशी अभियान चलाया है। 3 अगस्त को चलाए गए तलाशी अभियान ने जालना, औरंगाबाद, नासिक और मुंबई में फैले 30 से अधिक परिसरों को कवर किया। तलाशी अभियान के दौरान कई आपत्तिजनक साक्ष्य बरामद किए गए।



तलाशी अभियान में 56 करोड़ रुपये की बेहिसाब नकदी और 14 करोड़ रुपये के सर्राफा और आभूषण जब्त किए गए हैं। एक आईटी अधिकारी ने कहा, दोनों फर्मों के जब्त किए गए सबूतों के प्रारंभिक विश्लेषण से पता चला है कि वे बड़े पैमाने पर कर चोरी में लिप्त थे। इन संस्थाओं को जीएसटी धोखाधड़ी में शामिल पाया गया है।

तलाशी टीम ने दोनों कंपनियों के कर्मचारियों के नाम से खोले गए दोनों फर्मों के बड़ी संख्या में लॉकर का भी पता लगाया, जो एक सहकारी बैंक के पास रखे गए थे। अधिकारी ने कहा, सहकारिता बैंक के कई लॉकरों सहित 30 से अधिक बैंक लॉकरों की तलाशी ली गई। इन लॉकरों से भारी मात्रा में बेहिसाबी नकदी और सोने के आभूषण बरामद हुए हैं। अधिकारी ने कहा कि एक फर्म के फार्महाउस में स्थित एक गुप्त कमरे से बड़ी मात्रा में बेहिसाब नकदी जब्त की गई है।

## कोरोना ने फिर बढ़ाई चिंता, स्वतंत्रता दिवस को लेकर केंद्र सरकार ने जारी किये निर्देश




**नई दिल्ली (आरएनएस)।** 75 वें स्वतंत्रता दिवस को लेकर देशभर में भारी उत्साह देखने को मिल रहा है। लेकिन कोरोना ने भी पैर पसारने शुरू कर दिए हैं। कोविड-19 के औसतन 15,000 से अधिक मामले सामने आने के बीच केंद्र ने राज्यों से यह सुनिश्चित करने को कहा है कि स्वतंत्रता दिवस समारोह के लिए कोई बड़ी सभा ना हो और सभी लोग कोविड-19 के दिशा-निर्देशों का पालन करें।

केंद्रीय गृह मंत्रालय ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को राज्य और केंद्र शासित प्रदेश के प्रत्येक जिले के प्रमुख स्थानों पर 'स्वच्छ भारत' अभियान चलाने और स्वैच्छिक नागरिक भागीदारी के माध्यम से इन्हें 'स्वच्छ' बनाए रखने के लिए एक पखवाड़े और महीने भर तक जारी रखने को कहा है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के आज अद्यतन किए गए आंकड़ों के मुताबिक देश में कोविड-19 के 16,561 नए मामले आने से संक्रमितों की संख्या बढक़र 4,42,23,557 हो गई है, जबकि उपचाराधीन मरीज 1,23,535 हैं।

### आज से लगेगी कोर्बेवैक्स की बूस्टर डोज, 250 रुपए में उपलब्ध होगा टीका

आज से कोर्बेवैक्स टीके की बूस्टर खुराक कोरोना टीकाकरण केंद्रों पर उपलब्ध होगी। कोविन एप पर भी निजी व सरकारी टीकाकरण केंद्रों पर इसकी उपलब्धता दिखने लगेगी। टीका निर्माता बायोलॉजिकल ई लिमिटेड ने बताया कि टीके की 10 करोड़ खुराकों की आपूर्ति केंद्र सरकार को कर दी गई है। कोर्बेवैक्स को भारत के पहले विषम लैंगिक कोरोना बूस्टर शॉट के रूप में 18 साल और उससे अधिक उम्र के लोगों को लगाने की मंजूरी मिल गई है। विषम लैंगिक से आशय यह है कि कोर्बेवैक्स की बूस्टर पूर्व में कोविशील्ड व कोवाक्सिन की दोनों खुराक ले चुके लोगों को तीसरी खुराक के रूप में यह दिया जा सकेगा। स्वास्थ्य मंत्रालय ने एनआईएजीआई की सिफारिश के बाद कोर्बेवैक्स के आपातकालीन उपयोग को भी मंजूरी दे दी है। निजी केंद्रों पर कोर्बेवैक्स की एक खुराक की कीमत 250 रुपए है।

# जम्मू-कश्मीर में फिर टॉरगेट किलिंग, बांदीपोरा में आतंकवादियों ने गैर-स्थानीय मजदूर को मार डाला

**श्रीनगर (आरएनएस)।** जम्मू-कश्मीर के बांदीपोरा जिले में आतंकवादियों ने टॉरगेट किलिंग की और एक गैर स्थानीय मजदूर की हत्या कर दी। सूत्रों के मुताबिक, रात करीब 1 बजे बांदीपोरा के हाजिन इलाके के सदनारा गांव में आतंकवादियों ने 19 वर्षीय गैर स्थानीय मजदूर मोहम्मद अमरेज पर गोलियां चलाई। उन्होंने कहा, डॉक्टरों ने उसे श्रीनगर के मेडिकल कॉलेज अस्पताल बेमिना में रेफर कर दिया, जहां उसने दम तोड़ दिया। वह बिहार से ताल्लुक रखता था। तलाशी के लिए यह इलाका घिरा हुआ है। इससे पहले, जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले में कल गुरुवार तडक़े आतंकवादियों ने सेना के एक शिविर पर एक आत्मघाती हमला कर दिया जिसमें चार जवान शहीद हो गए। सुरक्षाबलों की जवाबी कार्रवाई में दो



आतंकवादी भी मारे गए। यह हमला करीब तीन साल के अंतराल के बाद जम्मू-कश्मीर में फिदायीन (आत्मघाती हमलावरों) की वापसी का संकेत बताया जा रहा है। पुलिस ने बताया कि दोनों आतंकवादियों के बारे में ऐसा माना जा रहा है कि वे पाकिस्तान स्थित आतंकवादी संगठन जैश-ए-मोहम्मद (जेईएम) से सम्बद्ध थे। पुलिस ने बताया कि आतंकवादी घातक स्टील कोर गोलियों से लैस थे और चार घंटे से अधिक समय तक चली मुठभेड़ में दोनों आतंकवादी मारे गए। मुठभेड़ सुबह लगभग साढ़े छह बजे समाप्त हुई। यह हमला सोमवार को देश के स्वतंत्रता दिवस के चार दिन पहले हुआ।

### कोलकाता के फोर्ट विलियम के पास ड्रोन उड़ाने के आरोप में दो बंगलादेशी गिरफ्तार

**कोलकाता (आरएनएस)।** कोलकाता में फोर्ट विलियम के पूर्वी कमान मुख्यालय के पास प्रतिष्ठित विक्टोरिया मेमोरियल पर ड्रोन उड़ाने के आरोपी दो बंगलादेशी नागरिकों को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस ने यह जानकारी शुक्रवार को दी। पुलिस ने बताया कि पकड़े गए बंगलादेशी नागरिकों पर गुरुवार को फोर्ट विलियम से लगभग 2.5 किलो मीटर दक्षिण में ब्रिटिश काल के स्मारक और उसके आसपास तस्वीरें लेने का आरोप लगाया गया है। गिरफ्तार किए गए विदेशी नागरिकों की पहचान शिफत और जिल्लू रहमान के रूप में हुई है और उन्हें कोलकाता पुलिस को सौंप दिया गया है। ड्यूटी पर मौजूद केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) के एक जवान ने देखा कि दोनों गुरुवार दोपहर एक सुविधाजनक स्थान से ड्रोन उड़ा रहे थे, जो कानून के तहत प्रतिबंधित था। उन्होंने कहा कि विदेशी नागरिकों के मकसद की जांच की जा रही है।

### कॉमेडियन राजू की तबीयत में थोड़ा सुधार,बॉडी में हुआ मूवमेंट, बहन ने आईसीयू में बांधी राखी

**कानपुर (आरएनएस) ।** कॉमेडियन राजू श्रीवास्तव की सेहत बेहद नाजुक बनी हुई है। चिकित्स्कों ने शुक्रवार को बताया कि उनके लिए अगले 3 दिन यानी 72 घंटे अहम हैं। हालांकि,डॉक्टर ने पॉजिटिव साइन दिए हैं। डॉक्टर्स का एक पैनल लखनऊ पीजीआई से भी भेजा गया है। देर रात से उनकी बॉडी में मूवमेंट देखा जा रहा है। उधर, बहन सुधा श्रीवास्तव ने रक्षाबंधन के दिन आईसीयू में उन्हें राखी बांधी और भाई के जल्द स्वस्थ होने और लंबी उम्र की प्रार्थना की। राजू का इलाज कर रहे कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. संदीप सेठ ने बताया कि वे बीच-बीच में खुद से पैर मोड़ रहे हैं। उनके हाथ-पैर की उंगलियां भी मूवमेंट कर रही हैं।

रात करीब 10 बजे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने फोन कर राजू की पत्नी शिखा से बात की और स्वास्थ्य के बारे में हालचाल जाना। प्रधानमंत्री ने उनके जल्द स्वस्थ होने की कामना की। सीएम योगी आदित्यनाथ भी लगातार हेल्थ का अपडेट ले रहे हैं।

राजू के सपोर्ट में लगे दो ऑक्सीजन सिस्टम में से अब सिर्फ एक लगाया गया है एक ऑक्सीजन सपोर्ट हटा लिया गया है। अब उनको कम ऑक्सीजन सपोर्ट की जरूरत पड़ रही है। सुबह से राजू को ऑक्सीजन का सपोर्ट सिर्फ 40 % दिया जा रहा है। इससे पहले राजू 50 % ऑक्सीजन सपोर्ट पर थे। राजू की पत्नी ने सुबह उनके पैर के तलवों में उंगली लगाई तो राजू ने खुद से उंगलियां मोड़ीं।

# सुप्रीम कोर्ट ने 'रेवड़ी कल्चर' पर अर्थव्यवस्था और कल्याण के बीच संतुलन पर दिया जोर

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** केंद्र ने गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट से कहा कि वह राजनीतिक दलों द्वारा मतदाताओं को प्रेरित करने के लिए घोषित मुफ्त सुविधाओं को विनियमित करने के लिए दिशानिर्देश तैयार करे, जब तक कि विधायिका इसके लिए एक तंत्र तैयार नहीं कर लेती। मुफ्त सुविधाओं से जुड़े मुद्दों को शीर्ष अदालत ने भी संज्ञान में लिया, जिसमें कहा गया था कि अर्थव्यवस्था और लोगों का कल्याण, दोनों को संतुलित करना होगा।



प्रधान न्यायाधीश एन वी रमण और न्यायमूर्ति कृष्ण मुरारी की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि तर्कहीन मुफ्त उपहार निश्चित रूप से चिंता का विषय है और वित्तीय अनुशासन होना चाहिए। हालांकि उन्होंने बताया कि भारत जैसे देश में, जहां गरीबी एक मुद्दा है, गरीबी को कैसे नजरअंदाज किया जा सकता है।

केंद्र का प्रतिनिधित्व करने वाले सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा, हम एक समिति का प्रस्ताव कर रहे हैं, जिसमें सचिव, केंद्र सरकार, प्रत्येक राज्य सरकार के सचिव, प्रत्येक राजनीतिक दल के प्रतिनिधि, नीति आयोग के प्रतिनिधि, आरबीआई, वित्त आयोग, राष्ट्रीय करदाता संघ और अन्य शामिल हैं। उन्होंने कहा कि जब तक विधायिका कदम नहीं उठाती, तब तक अदालत कुछ तय कर सकती है।

एक वकील ने तर्क दिया कि अधिकांश मुफ्त उपहार घोषणापत्र का हिस्सा नहीं हैं, लेकिन रैलियों और भाषणों के दौरान घोषित किए जाते हैं। पीठ ने कहा कि यह एक गंभीर मुद्दा है और कहा कि जो लोग मुफ्त उपहार का विरोध कर रहे हैं, उन्हें यह कहने का अधिकार है, क्योंकि वे कर का भुगतान कर रहे हैं और उम्मीद करते हैं कि राशि को बुनियादी ढांचे आदि के निर्माण पर खर्च किया जाना चाहिए, न कि पैसे बांटने में। मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि विशेषज्ञ पैनल इस पर गौर कर सकता है, और यह कानून बनाने में शामिल नहीं हो सकता।

प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि सवाल यह है कि अदालत किस हद तक हस्तक्षेप कर सकती है या इस मामले में जा सकती है? उन्होंने दोहराया कि यह एक गंभीर मुद्दा है और लोगों के कल्याण के लिए केंद्र और राज्य सरकारों द्वारा शुरू की गई विभिन्न योजनाओं की ओर इशारा किया। मेहता ने कहा कि मुफ्त उपहार कल्याणकारी नहीं हो सकते और लोगों को कल्याण प्रदान करने के अन्य वैज्ञानिक तरीके भी हैं। उन्होंने कहा कि अब चुनाव केवल मुफ्तखोरी के आधार पर लड़े जाते हैं। मेहता ने कहा, अगर मुफ्त उपहारों को लोगों के कल्याण के लिए माना जाता है, तो यह एक आपदा की ओर ले जाएगा।

याचिकाकर्ता ने दावा किया कि आरबीआई के आंकड़ों से पता चलता है कि 31 मार्च, 2021 तक राज्यों की कुल बकाया देनदारी 59,89,360 करोड़ रुपये है। याचिकाकर्ता अश्विनी उपाध्याय की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता विकास सिंह ने वित्तीय अनुशासन पर जोर दिया और कहा, यह पैसा कहां से आएगा? हम करदाता हैं।

राजनीतिक दलों द्वारा सोने की चैन और टीवी के वितरण का हवाला देते हुए वरिष्ठ अधिवक्ता अरविंद दातार ने कहा कि इस अदालत का एक फैसला है जिसमें कहा गया है कि मुफ्त देना संविधान के तहत राज्य के नीति निर्देशक सिद्धांतों का पालन है, जिस पर गौर करने की जरूरत है। पीठ ने कहा कि वित्तीय अनुशासन होना चाहिए और अर्थव्यवस्था को पैसा गंवाना और लोगों का कल्याण, दोनों को संतुलित करना होगा।

न्यायाधीश ने कहा कि वह कानून के लिए बने क्षेत्रों पर अतिक्रमण नहीं करना चाहते हैं। आम आदमी पार्टी का प्रतिनिधित्व कर रहे वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा कि मुफ्त और कल्याण के बीच भ्रम है, मुफ्त शब्द का इस्तेमाल बहुत गलत तरीके से किया जाता है।

दलीलें सुनने के बाद, शीर्ष अदालत ने मामले को आगे की सुनवाई के लिए 17 अगस्त को निर्धारित किया।